# भारत डायनामिक्स लिमिटेड
## (भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
## निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/नि.-मा.सं.-नि.वा./06 दिनांक : 1 नवंबर, 2019

## प्रेस विज्ञप्ति

### बीडीएल में बड़े उत्साह के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

आज भारत डायानामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस समापन समारोह में श्री वी वी लक्ष्मी नारायण, आई पी एस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (से.नि.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत में दिनांक 01 नवंबर, 2019 को नंदीगामा गाँव में 'ग्राम सभा' आयोजित की गई। बीडीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ वेन्नम उपेन्दर, आई पी ओ एस, और श्री शिवानंद एस खानापेट, अधिशासी निदेशक (भानूर इकाई) ने स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत की और उन्हें भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

समारोह के अंतर्गत डॉ वेन्नम उपेन्दर, आईओपीएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा डी ए वी बीडीएल पब्लिक स्कूल, भानूर में **'Integrity Club'** का उद्घाटन किया गया। इसमें 'महत्मा गाँधी के उद्धरणों- संग्रहण- श्रद्धांजलि' का प्रदर्शन किया गया। श्री वी वी लक्ष्मीनारायण, आई पी एस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (से.नि.), कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल द्वारा इस क्लब का उद्घाटन किया गया।

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह का एक और मुख्य आकर्षण के रूप में मुख्य अतिथि श्री वी वी लक्ष्मीनारायण, आई पी एस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (से.नि.) द्वारा **'Vigilance Compendium-2019'** का विमोचन किया गया। साथ ही, बीडीएल के सीएमडी सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) द्वारा इस संकलन की सी डी का लोकार्पण किया गया।

इस सप्ताह के दौरान कंपनी के कर्मचारियों में सतर्कता जागरूकता बढ़ाने "ईमानदारी – एक जीवन शैली' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और 'नैतिक जीवन' विषय पर श्लोगन लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं।

स्कूली बच्चों तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 'भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए अपने विचार' विषय पर पोस्टर तैयार करने की प्रतियोगिता तथा 'हमारे देश को भ्रष्टाचार मुक्त करे' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये।

श्री वी वी लक्ष्मीनारायण, आई पी एस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (से.नि.), कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सीएमडी, बीडीएल, श्री पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), श्री एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), श्री राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन), डॉ वेन्नम उपेन्दर, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल, श्री शिवानंद एस खानापेट, अधिशासी निदेशक (भानूर इकाई), ने सभी उपस्थितों को संबोधित किय। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

<u>अगली पृष्ठ पर फोटोग्रॉफ देखें</u>




बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह के दौरान “Vigilance Compendium – 2019” का लोकार्पण। फोटोग्रॉफ में दायीं से बायी ओर देखें जा सकते हैं -

श्री शिवानंद एस खानापेट, अधिशासी निदेशक (भानूर इकाई), श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), श्री वी वी लक्ष्मीनारायण, आई पी एस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (से.नि.), कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सीएमडी, डॉ वेन्नम उपेन्दर, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी) और श्री पी राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन)।

--- XXXX---